**अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में जनपद हरदोई में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों की प्रगति समीक्षा के सम्बन्ध में दिनांक 11.12.2024 को कलेक्ट्रेट सभागार में आहूत बैठक का कार्यवृत्त।**

अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में दिनांक 11.12.2024 को कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा की गयी। समीक्षा बैठक में मुख्य विकास अधिकारी एवं जल निगम (ग्रामीण) से अधिशासी अभियन्ता, सहायक अभियन्ता, अवर अभियन्ता, एन0सी0सी0 लि0 से परियोजना प्रबन्धक व क्लस्टर हेड, जिला परियोजना प्रबन्धन इकाई (डी0पी0एम0यू0) से प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर (M&E) एवं आई0एस0ए0/आई0ई0सी0 कोऑर्डिनेटर उपस्थित रहे। समीक्षा बैठक में अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नवत निर्देश दिये गये :–

1. समीक्षा बैठक में उपस्थित अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), हरदोई द्वारा विकास खण्डवार जल जीवन मिशन के तहत कराए जा रहे क्रियाशील पेयजल गृह संयोजन (FHTC) के कार्यों का प्रगति विवरण प्रस्तुत किया गया। विवरण के अवलोकन से ज्ञात हुआ कि फेज–2 की योजनाओं के सभी ग्राम पंचायतों में क्रियाशील पेयजल गृह संयोजन (FHTC) का कार्य शतप्रतिशत पूर्ण किया जा चुका है एवं फेज–3 की योजनाओं के 08 विकास खण्डों मे अवशेष क्रियाशील पेयजल गृह संयोजन (FHTC) 1000 से कम है जिसमें पिहानी विकास खण्ड के संतृप्त होने के उपरान्त शेष 07 विकास खण्ड क्रमशः बावन, भरखनी, हरियावां, मल्लावां, शाहाबाद, टडियावां एवं टोडरपुर को माह दिसम्बर, 2024 तक क्रियाशील पेयजल गृह संयोजन (FHTC) से संतृप्त कराने हेतु निर्देशित किया गया।

   **(कार्यवाही– परियोजना प्रबन्धक, एन0सी0सी0 लि0 हरदोई/सहा0 अभि0/जूनि0इंजी0)**

2. समीक्षा के दौरान परियोजना प्रबन्धक, एन0सी0सी0 लि0 हरदोई को निर्देशित किया गया कि जनपद के सभी स्कूलों पर जल जीवन मिशन से सम्बन्धित शिकायतों को दर्ज कराये जाने हेतु राज्य स्तर के टोलफ्री नम्बर को लिखवाना सुनिश्चित करें, जिससे टोलफ्री नम्बर का आम जनमानस में प्रचार–प्रसार हो सके।

   (कार्यवाही– परियोजना प्रबन्धक, एन0सी0सी0 लि0 हरदोई।)

3. समीक्षा बैठक के दौरान अनुबन्धित संस्था एन0सी0सी0 लि0 को जनपद स्तर पर जल जीवन मिशन से सम्बन्धित शिकायतों के निस्तारण करने हेतु जनपद स्तर पर कन्ट्रोल रूम की स्थापना करने तथा कन्ट्रोल रूम के लैण्डलाइन नम्बर व मोबाइल नम्बर का व्यापक प्रचार प्रसार करने हेतु निर्देशित किया गया। इसके साथ ही साथ यह भी निर्देश दिये गये कि शिकायतों को सुनने हेतु नोडल को भी नामित करना सुनिश्चित करें।

   (कार्यवाही– परियोजना प्रबन्धक, एन0सी0सी0 लि0 हरदोई।)

4. समीक्षा बैठक मे निर्देशित किया गया कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत ग्रामीण पेयजल योजनाओ मे वितरण प्रणाली बिछाये जाने के उपरान्त समस्त तोडी गयी सडकों की स्थाई सडक पुर्नस्थापना का कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें तथा पूर्व कराये गये सडक पुर्नस्थापना कार्य की चेकिंग का कार्य नियमित अन्तराल पर करते रहे जिससे पुर्नस्थापना कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सके।

(कार्यवाही– अधि0अभि0 / सहा0 अभि0 / जूनि0इंजी0 / परियोजना प्रबन्धक, एन0सी0सी0 लि0 हरदोई)

(मंगला प्रसाद सिंह)
जिलाधिकारी
हरदोई।

## कार्यालय जिलाधिकारी, हरदोई।

पत्रांक 10491 / ज0जी0मि0 / 451 दिनांकः 18/12/24

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मुख्य विकास अधिकारी, हरदोई।
2. अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), हरदोई को अनुपालनार्थ।
3. परियोजना प्रबन्धक / ए0जी0एम0, एन0सी0सी0, हरदोई को अनुपालनार्थ।
4. जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0, हरदोई को अनुपालनार्थ।

जिलाधिकारी
हरदोई।